आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 23.06.2026
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– कर्णप्रयाग और नगरासू प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई जारी। श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई सचिव समिति की बैठक। भूमि संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और डिजिटलीकरण सहित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
- कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने अल्मोड़ा में विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की।
- मानसून से पहले राज्य के पर्वतीय जिलों के सरकारी गोदामों में पहुंचाया गया तीन महीने का राशन। पहली जुलाई से होगा वितरण।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि कर्णप्रयाग और नगरासू में सामने आई घटनाओं के संबंध में सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार और पुलिस–प्रशासन आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया गया है, उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है और सभी तथ्यों के आधार पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। आज सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा, प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और पर्यटकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि भ्रामक और भड़काऊ खबरें फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अग्नि सुरक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशभर के सभी अस्पतालों, कोचिंग सेंटरों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और अन्य सार्वजनिक उपयोग वाले भवनों का व्यापक अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज सचिवालय में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन संस्थानों में अग्निशमन संबंधी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें तत्काल चिन्हित कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने अग्निशमन विभाग, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से ऑडिट की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

सचिव समिति बैठक

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में सचिव समिति की बैठक हुई। इस दौरान राज्य में भूमि संसाधनों के बेहतर प्रबंधन, भूमि संबंधी प्रक्रियाओं के सरलीकरण, डिजिटलीकरण, विवाद निस्तारण और निवेश अनुकूल व्यवस्था विकसित करने के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक विचार–विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे सीमित भूमि संसाधनों वाले राज्य में भूमि का वैज्ञानिक और पारदर्शी प्रबंधन समय की आवश्यकता है। उन्होंने भूमि प्रबंधन व सुधारों से जुड़े अधिकारियों को तात्कालिक और दीर्घकालिक सुधारों का विस्तृत अध्ययन कर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य

सचिव ने भूमि संबंधी मामलों की निगरानी और सुधारात्मक ढांचा तैयार करने के लिए सचिव– दिलीप जावलकर, बीवीआरसी पुरुषोत्तम और एस.एन. पाण्डेय को भूमि संबंधी प्रकरणों, चुनौतियों और उनके समाधान पर आधारित एक समग्र रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। यह टीम भूमि संबंधित सभी प्रक्रियाओं और प्रावधानों के लिए सुझाव प्रस्तुत करेगी। इसके अतिरिक्त भूमि संबंधी दस्तावेजों के व्यापक अध्ययन, उनके अद्यतनकरण, डिजिटलीकरण और तकनीकी एकीकरण के लिए तीन सदस्यीय अधिकारियों की एक अलग टीम गठित करने के निर्देश भी दिए गए। यह समिति पुराने रिकॉर्ड, मैप आदि सभी का विस्तृत अध्ययन करेगी। मुख्य सचिव ने भूमि सर्वेक्षण और मैपिंग कार्यों के लिए नियुक्त की जाने वाली एजेंसियों के कार्यों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

<u>कैबिनेट मंत्री</u>

कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने आज अल्मोड़ा में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच ग्राम स्तर तक शत–प्रतिशत सुनिश्चित की जाए तथा पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध रूप से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने जिले में संचालित योजनाओं की प्रगति पर संतोष जताया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए स्थानीय महिलाओं और समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

<u>खाद्यान्न</u>

मानसून सीजन के दौरान भारी बारिश और भूस्खलन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रदेश सरकार ने राज्य के पर्वतीय जिलों में जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का राशन एक साथ उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की है। अपर आयुक्त, खाद्य, पी.एस. पांगती ने बताया कि पर्वतीय जिलों के सुदूर और बेहद दुर्गम इलाकों के सरकारी गोदामों में तीन माह का राशन पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि पहली जुलाई से राशन डीलरों के माध्यम से इसका वितरण शुरू कर दिया जाएगा। श्री पांगती ने बताया कि जुलाई माह के दौरान ही तीनों महीने का राशन उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से वितरित कर दिया जाएगा, जिससे मानसून के दौरान खाद्यान्न आपूर्ति पूरी तरह सुचारु बनी रहे।

<u>हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता</u>

ऊधमसिंह नगर जिले में 31वीं वाहिनी पी.ए.सी, रुद्रपुर में आज से तीन दिवसीय प्रादेशिक हैंडबॉल क्लस्टर प्रतियोगिता शुरू हो गई है। पुलिस महानिरीक्षक सुनील कुमार मीणा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतायोगिता में राज्य के चंपावत, पिथौरागढ़, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर सहित नौ जिलों के 176 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं, पुलिस कर्मियों में खेल भावनाओं को विकसित करने और राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने में सहायक सिद्ध होती हैं। वहीं, खिलाड़ी गोपाल सिंह कन्याल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से पुलिस जवानों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।